8804 - नुकसान पहुँचाने वाले जानवर को मारना

प्रश्न

हमारी इमारत में एक जंगली और आक्रामक बिल्ली है। क्या उसे मारना जायज़ है ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

यदि बिल्ली या उस जैसे किसी अन्य जानवर के बारे में यह जाना जाता हो कि वह नुकसान पहुँचाता है और हिंसक है, तो यदि कोई व्यक्ति उसके नुकसान पहुँचाने के दौरान उससे बचाव के लिए उसे मार दे, तो यह जायज़ है और उस पर कोई हर्जाना भी नहीं होगा। इसका हुक्म उस हमलावर को मारने जैसा है, जिसे उसके हमले से बचने के लिए मारा जाए।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखने वाला है।